## एक नजर में



### हवाई हमलों में तीन हिजबुल्लाह कमांडर ढेर

**बेरूत, 21 फरवरी.** शिन्हुआ इजरायल की ओर से लेबनान के पूर्व में किए गए हवाई हमलों में हिज्बुल्लाह समूह के तीन कमांडर और आठ सैनिक मारे गए, जबकि 35 अन्य घायल हो गये. सरकारी और लेबनानी सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी. लेबनान की सरकारी नेशनल न्यूज एजेंसी ने शुरुआती आंकड़ों की रिपोर्ट दी. जानकार सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि मरने वालों में हिज्बुल्लाह के तीन कमांडर शामिल हैं, जिनका नाम हुसैन मोहम्मद यागी, अली जैद अल-मौसावी और मोहम्मद इब्राहिम अल-मौसावी है. हिज्बुल्लाह ने एक बयान में कमांडर हुसैन मोहम्मद यागी के लिए दुख जताते हुए कहा कि वह लेबनान और उसके लोगों की रक्षा में शहीद हो गए.

### भारत और अमेरिकी सेना के बीच अभ्यास कल से

**नई दिल्ली, 21 फरवरी.** भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच मजबूत साझेदारी तथा साझा संकल्प को सुदृढ़ करने की भावना के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास 'वज्र प्रहार' का 16वां संस्करण सोमवार से हिमाचल प्रदेश के बकलोह स्थित स्पेशल फोर्स ट्रेनिंग स्कूल में शुरू होगा. यह उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय अभ्यास जटिल परिचालन माहौल में परस्पर कार्यक्षमता, सामरिक समन्वय और युद्धक तत्परता को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है और यह 15 मार्च तक चलेगा. सेना ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह अभ्यास रक्षा सहयोग को गहरा करने, परस्पर कार्य क्षमता और संयुक्त परिचालन तत्परता को बढ़ाने तथा उन्नत विशेष अभियानों की रणनीतियों, तकनीकों और प्रक्रियाओं के आदान-प्रदान के लिए तैयार किया गया है.

### मणिपुर के इंफाल पश्चिम में उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल, 21 फरवरी.** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीएससी) के सदस्य को शुक्रवार को तेरा लुकराम लीराक से गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने बताया कि इंफाल पूर्व जिले में एक अन्य अभियान में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए. पुलिस ने बताया कि बरामद की गई वस्तुओं में एक .303 राइफल (मैगजीन सहित), एक .22 राइफल, एक नौ मिमी सबमशीन गन (मैगजीन सहित), दो हथगोले, एक देसी बम, एक एमके-1 ग्रेनेड और विभिन्न कैलिबर की 57 गोलियां शामिल थीं. नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने सेनापति और चुराचांदपुर जिलों में 30 एकड़ में फैली अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया.

### यूनान के क्रीट द्वीप के पास प्रवासियों की नाव पलटी

**एथेंस, 21 फरवरी.** यूनान के सबसे बड़े द्वीप क्रीट के दक्षिण में शनिवार तड़के दर्जनों लोगों को ले जा रही एक लकड़ी की नाव के पलट जाने से पांच प्रवासियों की मौत की पुष्टि हो गई है और कम से कम 20 अन्य अभी भी लापता हैं. स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब प्रवासी समुद्र के रास्ते यूरोप में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे.

# बलिदान से देश की सुरक्षा मजबूत : शाह

## गृह मंत्री ने सीआरपीएफ 87वें स्थापना दिवस पर आंतरिक सुरक्षा में योगदान की सराहना की

- पहली बार नॉर्थ ईस्ट में समारोह आयोजित
- सीआरपीएफ ने यात्रा की सुरक्षा में दिया योगदान



**गुवाहाटी, 21 फरवरी. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह असम में सीआरपीएफ के 87वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए. इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्वा सरमा, सीआरपीएफ के महानिदेशक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.**

अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि सीआरपीएफ ने 86 वर्षों में शौर्य, धैर्य और बलिदान के साथ देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत आधार दिया है.शाह ने बताया कि सीआरपीएफ के बिना देश की आंतरिक सुरक्षा की कल्पना नहीं की जा सकती. बल के 2,270 जवान देश की सुरक्षा में सर्वोच्च बलिदान दे चुके हैं. गृह मंत्री ने कहा कि एक समय जम्मू-कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र और नॉर्थईस्ट हॉटस्पॉट थे, लेकिन आज ये क्षेत्र विकास के ग्रोथ इंजन बन गए हैं, जो सीआरपीएफ के बलिदान और समर्पण के बिना संभव नहीं था. 2019 के निर्णय के तहत स्थापना दिवस परेड देश के अलग-अलग हिस्सों में आयोजित की जा रही है. इसी क्रम में इस बार पहली बार नॉर्थईस्ट में यह समारोह आयोजित हुआ.

> 14 जवानों को वीरता पदक और 5 जवानों को राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान किए गए. अमित शाह ने कहा कि 1939 में 2 बटालियन से शुरू हुआ सीआरपीएफ अब 248 बटालियन और लगभग 3.25 लाख जवानों के साथ विश्व का सबसे बड़ा सीएपीएफ बन चुका है. बल ने नक्सलवाद और आतंकी गतिविधियों के खिलाफ महत्वपूर्ण अभियानों में निर्णायक भूमिका निभाई है. उन्होंने विश्वास जताया कि 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा. सीआरपीएफ ने धार्मिक आयोजनों जैसे अमरनाथ यात्रा और महाकुंभ की सुरक्षा में भी अहम योगदान दिया है.

# भारत को प्रौद्योगिकी के भविष्य रूप में देख रही है दुनिया : मोदी




**नई दिल्ली 21 फरवरी. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह दशक भारत में प्रौद्योगिकी का दशक बनने जा रहा है और दुनिया भी इसे मानते हुए भारत को प्रौद्योगिकी के भविष्य के केन्द्र के रूप में देख रही है.**

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का बड़ा राज्य होने के साथ-साथ देश का सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का केन्द्र भी बनने जा रहा है. श्री मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीड़ा) में एचसीएल-फॉक्सकॉन संयुक्त उपक्रम परियोजना, इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत इस प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सोफ्टवेयर और हार्डवेयर दोनों पहलुओं पर एक साथ काम कर रहा है.उन्होंने कहा ,' हम सभी के लिए ये गर्व की बात है कि उत्तर प्रदेश भी भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का बड़ा केन्द्र बनने जा रहा है.

एचसीएल और फॉक्सकॉन की ये नई फैक्ट्री प्रौद्योगिकी पॉवरहाउस के रूप में राज्य की नई पहचान को और सशक्त करेगी. यह दशक भारत का टैकेड है. ' श्री मोदी ने कहा कि इस दशक में भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जो कुछ कर रहा है वह 21वीं सदी के हमारे सामर्थ्य का आधार बनेगा.

# प्रमाणिकता के साथ अच्छा काम करें : मोहन भागवत

- यूपी चुनाव से पहले संघ प्रमुख ने दिया कार्यकर्ताओं को मंत्र



**मेरठ, 21 फरवरी. उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मेरठ में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और संघ से जुड़े रहने व अन्य लोगों को जोड़ने के लिए पांच मंत्र दिए.**

संघ प्रमुख ने कहा कि आप कोई ना कोई अच्छा काम करें, प्रमाणिकता के साथ करें, निस्वार्थ करें. उन्होंने कहा कि उसमें टिकट मांगना नहीं, ना कोई सीट मांगना. नेकी करो कुएं में डालो. उन्होंने कहा कि इस प्रकार से आप काम करते हुए देश के लिए उत्कृष्ट करो, एक्सीलेंस करो. यह जो आप कर रहे हो, आपको संघ का नाम भी नहीं पता तब भी हम आपको संघ का सदस्य बनाएंगे.बता दें कि आरएसएस प्रमुख 22 और 23 फरवरी को दो दिवसीय उत्तराखंड प्रवास पर रहेंगे. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे शताब्दी वर्ष के तहत उत्तराखंड में व्यापक स्तर पर हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है. संघ ने प्रदेशभर में 1,000 हिंदू सम्मेलन आयोजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है.

# टैरिफ पर अमेरिकी सुको के फैसले का बारीकी से विश्लेषण कर रहा है भारत

**नयी दिल्ली 21 फरवरी.** अमेरिका द्वारा अलग-अलग देशों पर लगाये गये टैरिफ पर वहां के सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि वह टैरिफ से संबंधित अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का बारीकी से विश्लेषण कर रहा है. मंत्रालय ने शनिवार को वक्तव्य जारी कर कहा, 'हमने कल टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का संज्ञान लिया है. राष्ट्रपति ट्रंप ने इस संबंध में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की है. अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ कदमों की घोषणा की गई है. सभी घटनाक्रमों के प्रभावों का अध्ययन कर रहे हैं. ' अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट के तहत टैरिफ लगाने के राष्ट्रपति ट्रंप के अधिकार को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को अपना निर्णय सुनाते हुए इस टैरिफ को रद्द कर दिया है.

# अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस-बीजेपी पर साधा निशाना



**अहमदाबाद, 21 फरवरी. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार से दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं. अहमदाबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केजरीवाल ने कांग्रेस और बीजेपी पर जमकर हमला बोला.**

उन्होंने कहा कि गुजरात की जनता कांग्रेस से नफरत करती है और दोनों बड़े दलों से लोग परेशान हैं. सड़कों की बदहाली और स्कूलों तथा स्वास्थ्य सेवाओं की खराब स्थिति पर उन्होंने चिंता जताई. केजरीवाल ने कहा कि गुजरात के लोग आम आदमी पार्टी की ओर देख रहे हैं, क्योंकि पंजाब में उनकी सरकार के कामकाज से लोग संतुष्ट हैं.

> उन्होंने दावा किया कि बीजेपी ने लोगों को तिरस्कार करना शुरू कर दिया है और गुजरात का बजट आम आदमी के लिए 'अपमानजनक' है. उन्होंने बताया कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों, बिजनेसमैन या महिलाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं है और यह समाज के किसी भी वर्ग के लिए लाभकारी नहीं है. केजरीवाल ने यह भी कहा कि जब चुनाव आते हैं, तो सरकारें आम जनता को राहत या लाभ देती हैं, लेकिन गुजरात सरकार को इसकी कोई परवाह नहीं है. इस दौरे में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी उनके साथ मौजूद हैं. गुजरात में 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं. ऐसे में केजरीवाल अपने संगठन को मजबूत करने और राज्य में राजनीतिक रणनीति को तैयार करने के लिए सक्रिय हैं. उन्होंने जनता से संवाद बढ़ाने और पार्टी को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने पर जोर दिया.

## एम एस फिनकैप प्रा. लिमिटेड

MS FC YOUR FINANCIAL NAVIGATOR
CIN: U67120RJ2016PTC055220
सी-18बी, चैतन्य मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर, राज. 302001
फोन: 0141-4036554, ई-मेल: info@msfincap.com

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता **एम एस फिनकैप प्रा. लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 के नियम 54) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 13 (12) के नियम (3) अधिनियम 2002 एवं सपठित नियमों के नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में माँग सूचना दिनांक 19-12-25 को निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी **श्री धर्मेन्द्र बैरागी एवं श्रीमती रानी बैरागी एवं श्रीमती निर्मला बाई, श्री शिवनारायण बैरागी, श्री धर्मेन्द्र ऋण खाता संख्या.** MSLPDEP000028 से नोटिस में वर्णित राशि 22,27,873/- **(बाईस लाख सत्ताईस हजार आठ सौ तेहत्तर रुपये मात्र)** 16.12.2025 तक कुल देय राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता/गारन्टर के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा **दिनांक 19 माह फरवरी वर्ष 2026** को ग्रहण कर लिया है।

ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता/गारन्टर को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार रूपये 22,27,873/- **(बाईस लाख सत्ताईस हजार आठ सौ तेहत्तर रुपये मात्र)** 16.12.2025 तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि **एम एस फिनकैप प्रा. लिमिटेड** के प्रभार के अधीन होगा।

ऋणियों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के साथ सपठित नियम 8(6) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके अन्तर्गत प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय अर्थात इस सूचना से 30 दिवस के सम्बन्ध में है।

**स्थावर सम्पत्ति का विवरण**

**संपत्ति के सभी अभिन्न अंग स्थित भूमि एवं बिल्डिंग (संपत्ति 1) मकान नं. 80, पटवारी हल्का नं. 06, वार्ड नं. 05, ग्राम बछोड़ा, तहसील देपालपुर, जिला इंदौर, मप्र, क्षेत्रफल 968 वर्ग फीट, जो कि श्री धर्मेंद्र पुत्र श्री शिवनारायण बैरागी एवं श्रीमती रानी पत्नी श्री धर्मेंद्र बैरागी के स्वामित्व में है। सीमाएंः उत्तरः सुनेर सिंह पुत्र दयाराम का मकान, दक्षिणः ओमप्रकाश पुत्र रामचंद्र बैरागी का मकान, पूर्वः रोड (आम रास्ता), पश्चिमः अंतरसिंह पुत्र रावजी का मकान एवं (संपत्ति 2) मकान नं. 294/3/1/1, पटवारी हल्का नं. 06, ग्राम बछोड़ा, तहसील देपालपुर, जिला इंदौर, क्षेत्रफल 0.380 हेक्टेयर, जो कि श्री धर्मेंद्र पुत्र श्री शिवनारायण बैरागी एवं श्रीमती रानी पत्नी श्री धर्मेंद्र बैरागी के स्वामित्व में है। सीमाएंः उत्तरः 15 फीट का कच्चा रोड, दक्षिण : ड्रेनेज (नाला), पूर्वः लीला बाई की शेष भूमि, पश्चिमः विरेंद्र पुत्र अमित की भूमि**

**दिनांक : 20 फरवरी 2026**
**स्थान : इंदौर, मप्र**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**एमएस फिनकैप प्रा. लिमिटेड**

# 'राष्ट्र निर्माण की पूंजी' बनाना आवश्यक : राधाकृष्णन



**नई दिल्ली, 21 फरवरी.** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) शिखर सम्मेलन 2026 में कहा कि सरकार, उद्योग और समाज के समन्वय से ही देश में स्थायी परिवर्तन संभव है. उन्होंने कॉर्पोरेट जगत से लाभ को उद्देश्य के साथ जोड़ने और हर संकल्प को पूरा करने का आग्रह किया. राधाकृष्णन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सफर तय किया है. उन्होंने कहा कि विकास के अगले चरण में सीएसआर हाशिए पर नहीं बल्कि राष्ट्रीय प्रगति के केंद्र में है. यह सार्वजनिक शिक्षा, प्राथमिक स्वास्थ्य, महिला नेतृत्व वाले उद्यम, कौशल विकास और हरित परिवर्तन के माध्यम से सामाजिक पूंजी और दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा दे सकता है.उपराष्ट्रपति ने कॉर्पोरेट दिग्गजों से आग्रह किया कि वे सीएसआर को व्यय के बजाय राष्ट्र निर्माण पूंजी के रूप में देखें, साहसिक और रणनीतिक निवेश करें तथा प्रभाव का कड़ाई से मूल्यांकन करें.

> **आज तमिलनाडु जाएंगे उपराष्ट्रपति**
>
> **नई दिल्ली.** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन रविवार को तमिलनाडु की यात्रा पर जायेंगे. उप राष्ट्रपति सचिवालय ने शनिवार को बताया कि उपराष्ट्रपति मदुरै के वंदियूर में महान स्वतंत्रता सेनानी और उद्योगपति वी. ओ. चिदंबरम पिल्लै की प्रतिमा के शिलान्यास समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे. बाद में वह शिवगंगा में तिरुकोष्टियूर सौम्य नारायण पेरुमल मंदिर तथा रानी वेलु नाचियार महल का भी दौरा करेंगे.

# किसानों की हितैषी है डबल इंजन सरकार : सीएम

**लखनऊ. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ-2025) के अंतर्गत 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति राशि वितरित की.**

इसके अलावा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के 3,500 लाभार्थी परिवारों को 175 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की गई.कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने बागपत, शामली, कासगंज और भदोही में उप कृषि निदेशक कार्यालय और मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया.



उन्होंने झांसी के मऊरानीपुर में 50 शैय्या के छात्रावास और लखनऊ में स्मार्ट कृषि ब्यूरो स्टूडियो इकाई का शिलान्यास भी किया. सीएम ने किसानों को आश्वस्त किया कि डबल इंजन सरकार मजबूती से उनके साथ खड़ी है और वे उन्नत खेती के माध्यम से प्रदेश की समृद्धि में योगदान देंगे. योगी आदित्यनाथ ने बताया कि पहले आपदा आने पर किसानों को क्षतिपूर्ति मिलने में लंबा समय लगता था, लेकिन अब फसल नुकसान, आग, आकाशीय बिजली या अन्य आपदा में 24 घंटे के भीतर राहत राशि उनके खाते में पहुंचाई जाती है.

2025-26 में राज्य आपदा मोचक निधि में 876 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं.सीएम ने यह भी कहा कि लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, झांसी और आजमगढ़ में डॉप्लर वेदर रडार स्थापित किए जा रहे हैं.

# परमाणु समझौते का मसौदा तैयार करेगा ईरान : अराघची



**तेहरान/वाशिंगटन, 20 फरवरी.** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान और अमेरिका के बीच संभावित परमाणु समझौते का मसौदा दो-तीन दिन में तैयार हो जाएगा. तैयार होने के बाद इसे अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ़ को सौंपा जाएगा, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच अंतिम निष्कर्ष पर पहुँचने से पहले एक और चर्चा की जाएगी.अराघची ने कहा कि ईरान ने यूरेनियम संवर्धन रोकने का प्रस्ताव नहीं रखा, और अमेरिका ने भी ऐसी मांग नहीं की. उनका कहना था कि एक 'न्यायपूर्ण और बराबरी वाला' समझौता संभव है, लेकिन पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सेना की बढ़ती मौजूदगी अनावश्यक और अस्वस्थ है. इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वे ईरान पर समझौते के दबाव के लिए सीमित सैन्य हमले पर विचार कर रहे हैं. ईरान के संयुक्त राष्ट्र राजदूत ने चेतावनी दी कि किसी भी सैन्य हमले का देश दृढ़ता से जवाब देगा.मिस्र और रूस के विदेश मंत्रियों ने ईरान-अमेरिका वार्ता का समर्थन किया और सभी पक्षों से 'स्वीकार्य खाका' हासिल करने के लिए बातचीत जारी रखने का आग्रह किया.

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी नटेरन, जिला विदिशा (म.प्र.)

प्र.क्र. 0096/अपील/2025-26

1- ख्याली धोबी पुत्र सोमा जाति धोबी निवासी ग्राम गुरोद तहसील नटेरन जिला विदिशा म.प्र.
अपीलांट
विरुद्ध
लालाराम पुत्र सोमा (मृत) वारिस
1- शंभूशंकर पुत्र लालाराम जाति धोबी
2- सरवन उर्फ पूनमबाई पुत्री लालाराम जाति धोबी
3- शकुन्तला पुत्री लालाराम जाति धोबी
4- सरिता पुत्री लालाराम जाति धोबी
5- प्रेमबाई बेवा लालाराम जाति धोबी निवासीगण ग्राम गुरोद हा.नि. मकान 15/16 यादव धर्मशाला के पास शांतिनगर बरगदा रोड इंदौर जिला इंदौर
रेस्पोडेंट

**-: समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु सूचना पत्र :-**

एतद द्वारा रेस्पोडेंट पक्ष को इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अपीलांट ख्याली पुत्र सोमा जाति धोबी निवासी ग्राम गुरोद तहसील नटेरन जिला विदिशा म.प्र. द्वारा ग्राम नायब तहसीलदार नटेरन के प्रकरण क्रमांक 0439/अ-6/2025-26 शंभूशंकर बनाम मध्य प्रदेश शासन ग्राम गुरोद में पारित आदेश दिनांक 24/12/2025 के विरूद्ध म.प्र. भू. रा. संहिता 1959 की धारा 44 के तहत प्रथम अपील आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण में आगामी दिनांक 23.02.2026 सुनवाई हेतु नियत है। अतः आप स्वय अथवा अपने अभिभाषक सहित नियत दिनांक को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

सूचना पत्र आज दिनांक 09.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**(अजय प्रतापसिंह पटेल)**
**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**अनुविभाग- नटेरन**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

**(जनकार्य विभाग)**

ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

**निविदा विज्ञप्ति क्र.:** 126/सिविल/25-26/ग्रुप नं-01 से ग्रुप नं-23 तक

**निविदा आमंत्रण**

**दिनांक:** 19.02.2026

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR, Date - 08-11-2025/NON SOR/ BUILDING SOR, DATE 02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_483456_1 | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 61 के अन्तर्गत कलालकुई मस्जिद के पीछे नाले पर जाली लगाना। (द्वितीय आमंत्रण) | 60 दिवस ₹1,34,750/- | ₹1,000/- ₹2,700/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 02 | 2026_UAD_483458_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुवे झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 50 के अन्तर्गत रेसिडेंशियल, कमर्शियल, मिक्स एरिया एवं अन्य स्थानों पर गाईड लाईन अनुसार आवश्यक सिविल, संधारण कार्य करना। | 90 दिवस ₹4,99,860/- | ₹2,000/- ₹5,000/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 03 | 2026_UAD_483459_1 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 15 की विभिन्न कॉलोनियों में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अन्तर्गत आवश्यक सिविल कार्य करना। | 90 दिवस ₹8,89,585/- | ₹2,000/- ₹8,900/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 04 | 2026_UAD_483461_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अन्तर्गत झोन क्र 16 वार्ड क्र. 14 की विभिन्न कॉलोनियों में आवश्यक सिलिव कार्य करना। | 90 दिवस ₹8,74,149/- | ₹2,000/- ₹8,800/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 05 | 2026_UAD_483462_1 | झोन क्र. 14 वार्ड क्र. 82 के अन्तर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के प्रोटोकॉल अनुसार चिन्हित कॉलोनियों में आवश्यक सिविल कार्य करना। | 90 दिवस ₹9,03,651/- | ₹2,000/- ₹9,100/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 06 | 2026_UAD_483464_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अन्तर्गत झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 11 भागीरथपुरा में सिटी प्रोफाईल हेतु चिन्हित कॉलोनी, बैकलाईन एवं आवश्यकतानुसार अन्य स्थानों पर आवश्यक संधारण कार्य करना। | 90 दिवस ₹9,68,194/- | ₹2,000/- ₹9,700/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 07 | 2026_UAD_483465_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अन्तर्गत झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 13 में चिन्हित कॉलोनी, बैकलाईन एवं आवश्यक अन्य स्थानों पर आवष्यक संधारण कार्य करना। | 120 दिवस ₹11,36,360/- | ₹2,000/- ₹8,700/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 08 | 2026_UAD_483466_1 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 12 के अन्तर्गत आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु विभिन्न संधारण एवं सौंदर्यीकरण कार्य करना। | 120 दिवस ₹11,53,922/- | ₹2,000/- ₹8,700/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 09 | 2026_UAD_483467_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 01 में सिटी प्रोफाईल हेतु चिन्हित व सूचीबद्ध स्थानों के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त फुटपाथ का संधारण कर नए, पेव्हर ब्लॉक लगाना एवं ब्लॉक रिफिक्सिंग का कार्य करना। | 120 दिवस ₹11,65,276/- | ₹2,000/- ₹8,800/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 10 | 2026_UAD_483469_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 63 के अन्तर्गत शासकीय स्कूलों में आवश्यक संधारण/ मरम्मत एवं सिविल कार्य करना। | 120 दिवस ₹15,51,653/- | ₹2,000/- ₹11,700/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 11 | 2026_UAD_483470_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 17 में चिन्हित कॉलोनी, बैकलाईन एवं आवश्यक अन्य स्थानों पर आवश्यक संधारण कार्य करना। | 120 दिवस ₹15,66,496/- | ₹2,000/- ₹11,800/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 12 | 2026_UAD_483471_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुये झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 65 के अन्तर्गत रहवासी क्षेत्र की समस्त कॉलोनी, खातीवाला टेंक, सिंधी कॉलोनी, बैराठी कॉलोनी, साधु वासवानी नगर, बापू नगर एवं मिक्स एरिया में आवश्यक सौंदर्यीकरण एवं सिविल कार्य करना। | 180 दिवस ₹27,66,180/- | ₹5,000/- ₹20,800/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 13 | 2026_UAD_483794_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 29 के अन्तर्गत नोटिफाईड एरियों में आवश्यक संधारण, मरम्मत व संधारण कार्य करना। | 180 दिवस ₹23,38,995/- | ₹5,000/- ₹17,600/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 14 | 2026_UAD_483795_1 | झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 44 के अन्तर्गत मेन रोड़ एवं कॉलोनियों में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अन्तर्गत आवश्यक सिविल कार्य करना। | 180 दिवस ₹20,35,902/- | ₹5,000/- ₹15,300/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 15 | 2026_UAD_483798_1 | झोन क्र. 14 वार्ड क्र. 85 के अन्तर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार चिन्हित कॉलोनियों में आवश्यक सिविल कार्य करना। | 90 दिवस ₹9,01,931/- | ₹2,000/- ₹9,100/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 16 | 2026_UAD_483800_1 | झोन क्र. 17 वार्ड क्र. 19 के अन्तर्गत आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु रहवासी एवं कमर्शियल एरिया में फुटपाथ रिपेयरिंग व सौंदर्यीकरण का कार्य करना। | 120 दिवस ₹14,33,585/- | ₹2,000/- ₹10,800/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 17 | 2026_UAD_483801_1 | झोन क्र. 17 वार्ड क्र. 18 के अन्तर्गत आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु रहवासी एवं कमर्शियल एरिया में फुटपाथ रिपेयरिंग व सौंदर्यीकरण का कार्य करना। | 120 दिवस ₹11,88,858/- | ₹2,000/- ₹9,000/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 18 | 2026_UAD_483803_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 64 के अन्तर्गत मुख्य मार्गों पर आवश्यक संधारण/ मरम्मत एवं सिविल कार्य करना। | 120 दिवस ₹11,78,780/- | ₹2,000/- ₹8,900/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 19 | 2026_UAD_483806_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 44 के अन्तर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक शासकीय स्कूलों में आवश्यक सिविल संधारण कार्य करना। | 120 दिवस ₹17,75,868/- | ₹2,000/- ₹13,400/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 20 | 2026_UAD_483807_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 32 के अन्तर्गत विद्यालयों में आवश्यक संधारण कार्य करना। | 120 दिवस ₹13,64,459/- | ₹2,000/- ₹10,300/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 21 | 2026_UAD_483810_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 34 के अन्तर्गत विद्यालयों में आवश्यक संधारण एवं मरम्मत कार्य करना। | 120 दिवस ₹14,58,129/- | ₹2,000/- ₹11,000/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 22 | 2026_UAD_483812_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 64 के अन्तर्गत शासकीय स्कूलों में आवश्यक संधारण/ मरम्मत एवं सिविल कार्य करना। | 120 दिवस ₹10,21,081/- | ₹2,000/- ₹7,700/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |
| 23 | 2026_UAD_483814_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 01 के अन्तर्गत शासकीय स्कूलों में आवश्यक संधारण/मरम्मत एवं आवश्यक सिविल कार्य करना। | 90 दिवस ₹5,26,743/- | ₹2,000/- ₹5,300/- | 09-03-2026 6.00 PM 11-03-2026 |

**नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

**कार्यपालन यंत्री**
**(जनकार्य विभाग)**
**नगर पालिक निगम, इन्दौर**